# जापानी कंपनियों के 200 सीईओ आएंगे उत्तर प्रदेश

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चार दिवसीय सिंगापुर व जापान दौरे में राज्य में निवेश को लेकर 1.5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इनमें सिंगापुर की कंपनियों के 90 हजार करोड़ रुपये और जापानी कंपनियों के 60 हजार करोड़ रुपये के एमओयू शामिल हैं। इसके अलावा 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने दिए हैं। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद उत्साहित यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी ने 200 जापानी सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) के साथ अगस्त में उत्तर प्रदेश के दौरे पर आने का प्रस्ताव भी दिया है।

**2.5** लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव मिला

**योगी की सिंगापुर-जापान यात्रा, आएंगे यामानाशी के गवर्नर**

**आइआइटी कानपुर होगा ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर आफ एक्सीलेंस**



गुरुवार को 500 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चलने वाली मैग्लेव ट्रेन में सफर करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सूचना विभाग

गुरुवार को जापान दौरे के अंतिम दिन मुख्यमंत्री ने 500 किलोमीटर प्रतिघंटे से अधिक की रफ्तार से चलने वाली मैग्लेव ट्रेन का सफर किया। उन्नत परिवहन तकनीक के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर मुख्यमंत्री ने संवाद किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने एफएएनयूसी कारपोरेशन के औद्योगिक रोबोट एवं फैक्ट्री का निरीक्षण किया। कंपनी ने उत्तर प्रदेश में निवेश और एमएसएमई सेक्टर को तकनीकी उन्नयन में सहयोग देने की इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री ने पावर-टू-गैस प्रणाली को करीब से देखा और विशेषज्ञों से इसकी कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। यह प्रणाली सौर और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न बिजली को हाइड्रोजन में परिवर्तित करती है। इस हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन, ऊर्जा भंडारण और स्वच्छ परिवहन के लिए किया जाता है। इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिलती है। जापान दौरे के अंतिम दिन ग्रीन हाईड्रोजन क्षेत्र में आपसी सहयोग को लेकर समझौता किया गया। समझौते के अनुसार यूनिवर्सिटी आफ यामानाशी, यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी, आइआइटी कानपुर को नोडल बनाकर, हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (कानपुर), आइआइटी बीएचयू और मदन मोहन मालवीय यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी, गोरखपुर के सहयोग से ग्रीन हाइड्रोजन सेंटर आफ एक्सीलेंस स्थापित करेंगे। भारतीय छात्रों को जापान में प्रशिक्षण मिलेगा। यामानाशी व राज्य के बीच उद्योग, पर्यटन व व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। संबंधित खबर » पेज 9

MAGZTER